दिन– रविवार दिनांक– 27 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने इस महीने की बाईस तारीख को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति का लौटना, लोकतंत्र का मजबूत होना और पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भारत और जम्मू–कश्मीर के दुश्मनों को रास नहीं आ रही थी। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों और आतंक के आकाओं ने कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए यह साजिश रची। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सबसे बड़ी ताकत देश की एकता और एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की एकजुटता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ यह एकता ही निर्णायक लड़ाई का आधार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया था। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के पचास वर्ष पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पचास वर्ष की यह यात्रा सिर्फ हौसलों से शुरू हुई थी।

प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब बाढ़, चक्रवात, भू–स्खलन, सुनामी, जंगल की आग और हिम–स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप की मदद से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विकसित किया है जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं में भी सूचना उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे भी

इस अभियान का हिस्स बनें ताकि एक वर्ष पूरा होने पर अपनी भागीदारी पर गर्व कर सकें।

प्रधानमंत्री ने उन्नीस सौ सत्रह में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए चंपारण सत्याग्रह की चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हूकुमत किसानों को बिहार में नील की खेती के लिए बाध्य कर रही थी। तब बापू ने सत्याग्रह का भारत में पहला बड़ा प्रयोग किया था और इससे पूरी अंग्रेजी हुकूमत हिल गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस मई को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगांठ मनाई जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि देश को अपने स्वतंत्रता सेनानियों की अमर प्रेरणाओं को जीवित रखना है।

————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में बड़ा बदलाव आया है। मौसम विभाग ने आज पटना, सीवान, गोपालगंज, शिवहर, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और पूर्वी तथा पश्चिम चंपारण समेत राज्य के पच्चीस जिलों में कई स्थानों पर तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, नालंदा, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, दरभंगा समेत नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि कुछ स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को इस दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने अपने परामर्श में कहा है कि मौसम खराब होने के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर खुले में न रहें और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें।

————————————————————

कैमूर जिले के भभुआ–मोहनिया पथ पर परसिया गांव के पास मोटरसाईकिल की एक चार पहिया वाहन से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।